






# Anil Agarwal: 'बड़े सपने देखने की कोई उम्र नहीं होती', वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल हुए स्काईरूट एयरोस्पेस टीम के मुरीद

Advertisement

Curated By: राजेश भारती | नवभारतटाइम्स.कॉम • 23 Jul 2026, 5:16 pm IST

Subscribe YouTube 12M

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उन्होंने स्काईरूट एयरोस्पेस की युवा टीम की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि केवल 28 वर्ष की औसत आयु वाली इस टीम ने साबित कर दिया है कि बड़े सपने देखने की कोई उम्र नहीं होती।



अनिल अग्रवाल ने की पवन चंदना की तारीफ।

आज का AQI
नई दिल्ली
तापमान वायु गुणवत्ता
72 AQI
PM2.5 22 μg/m³
मॉडरेट
Powered By AQI

**नई दिल्ली:** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धि की सराहना करते हुए स्काईरूट एयरोस्पेस ( Skyroot Aerospace ) के को-फाउंडर और सीईओ पवन चंदना की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुछ मुलाकातें सिर्फ लोगों से नहीं, बल्कि भारत के भविष्य से होती हैं।

Advertisement

अनिल अग्रवाल ने लिखा कि जब वह कहते हैं कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसके युवा हैं, तो उसके पीछे पवन चंदना और उनकी टीम जैसे उदाहरण होते हैं। उन्होंने स्काईरूट एयरोस्पेस को विक्रम-1 मिशन के जरिए भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दी।



Anil Agarwal: अनिल अग्रवाल सरकार की तेज रफ्तार से खुश, क्रिटिकल मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी पर गदगद हुए वेदांता के चेयरमैन

## युवा टीम को लेकर कही यह बात

अनिल अग्रवाल ने स्काईरूट एयरोस्पेस की सफलता के लिए पवन चंदना, स्काईरूट की पूरी टीम, इसरो (ISRO) और IN-SPACe को भी शुभकामनाएं दीं। अग्रवाल ने कहा कि केवल 28 वर्ष की औसत आयु वाली इस टीम ने साबित कर दिया है कि बड़े सपने देखने की कोई उम्र नहीं होती।

**YOU MAY LIKE** SPONSORED LINKS BY TABOOLA

**Get Thicker, Healthier Hair**
Dr. Batra's
Book Now

### रेकमेंडेड खबरें



New Millionaires: अमेरिका 1, ब्रिटेन 2, इन देशों में बन रहे सबसे ज्या...




Pralhad Joshi Net Worth: प्रह्लाद जोशी कितने दौलतमंद हैं, धर्मेंद्र प्रधान ...



Indian Economy: भारत की अर्थव्यवस्था गाड़ रही झंडे, फिर कई लोगों को...



India Oil Routes: एक के बाद अब दूसरा रास्ता बंद, भारत पर बढ़ता जा रहा है...



Consumer Court Order: '10,000 रुपये

अपनी पोस्ट में वेदांता चेयरमैन ने कहा कि उन्हें हमेशा ऐसे युवाओं से मिलकर खुशी होती है, जो बड़े लक्ष्य तय करते हैं और उन्हें हासिल करने का साहस रखते हैं। उनका मानना है कि यदि देश अपने युवाओं पर भरोसा करे और उन्हें सही अवसर दे, तो वे भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट के आखिर में लिखा है, 'यही है नए भारत की असली उड़ान।'

**Anil Agarwal**
@AnilAgarwal_Ved · Follow

कुछ मुलाकातें सिर्फ़ लोगों से नहीं, भारत के भविष्य से होती हैं।

मुझे @SkyrootA के Co-founder & CEO @PawanKChandana से मिलकर ऐसा ही महसूस हुआ।जब मैं कहता हूँ कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसके युवा हैं, तो उसके पीछे ऐसे ही उदाहरण होते हैं।

Skyroot ने Vikram-1 के साथ भारत के निजी Show more

4:30 PM · Jul 22, 2026

1.4K Reply Copy link

Read 92 replies

Advertisement

## पिछले हफ्ते भरी थी उड़ान

भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट 'विक्रम-1' ने पिछले हफ्ते अंतरिक्ष की सफलतापूर्वक उड़ान भरी थी। इसे हैदराबाद की कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है।

Advertisement